NCERT
National Council Of Educational Research And Training

**NCERT Solutions for 5th Class Environmental Science –(पर्यावरण अध्ययन): Chapter 22-फिर चला काफिला**

IndCareer
Schools

indCareer indCareer indCareer

# NCERT Solutions for 5th Class Environmental Science –(पर्यावरण अध्ययन): Chapter 22-फिर चला काफिला

Class 5: पर्यावरण अध्ययन Chapter 22 solutions. Complete Class 5 पर्यावरण अध्ययन Chapter 22 Notes.

## NCERT Solutions for 5th Class Environmental Science –(पर्यावरण अध्ययन): Chapter 22-फिर चला काफिला

NCERT 5th पर्यावरण अध्ययन Chapter 22, class 5 पर्यावरण अध्ययन Chapter 22 solutions

https://www.indcareer.com/schools/ncert-solutions-for-5th-class-environmental-science-paryavaran-adhyayan-chapter-22-phir-chala-kafila/

(पृष्ठ संख्या 201)

बताओ

**प्रश्न 1.**

क्या धनु के गाँव में सभी किसान अपनी जमीन पर काम करते थे**?**

उत्तर:

नहीं, धनु के गाँव में केवल कुछ ही किसानों को अपनी जमीन है। वहाँ के अधिकांश किसान बड़े किसानों की खेतों में काम करते हैं।

**प्रश्न 2.**

धनु के परिवार के पास अपने गाँव में कब काम होता था और कब नहीं**?**

उत्तर:

धनु के परिवार के पास बरसात के शुरू होने से पहले से लेकर दशहरे तक काम होता है। बाकी के छः महीने या जब बरसात नहीं होती है उनके पास काम नहीं होता था।

**प्रश्न 3.**

तुम कुछ परिवारों को जानते हो, जो खेती से जुड़े हैं**,** और जिन्हें काम के लिए कुछ महीने घर छोड़ना पड़ता है**?**

उत्तर:

हाँ, मेरे गाँव में बहुत से ऐसे लोग हैं जो कि काम की तलाश में कुछ महीनों के लिए शहरों में चले जाते हैं।

सोचो और पता करो

**प्रश्न 1.**

अगर धनु के गाँव के लोग अपना गाँव छोड़कर काम के लिए न जाएँ तो वहाँ उन्हें कैसी परेशानियाँ हो सकती हैं**?**

उत्तर:

यदि धनु के गाँव के लोग अपनी गाँव छोड़कर काम के लिए न जाएँ, तो वहाँ उन्हें काम नहीं मिलेगा तथा उनकी रोजी-रोटी, तथा अन्य कामों के लिए पैसे नहीं मिलेंगे।

प्रश्न **2.**

धनु के गाँव में जब बारिश नहीं होती तब खेती भी नहीं हो पाती। क्या बारिश के पानी के बिना भी कोई खेती की जा सकती है**?**

उत्तर**:**

हाँ, बारिश के बिना भी खेती की जा सकती है। सिंचाई के कई नये तरीके हैं, जैसे नहर, ट्यूब वेल, आदि के द्वारा सिंचाई के लिए आवश्यक पानी लिया जाता है।

NCERT 5th पर्यावरण अध्ययन Chapter 22, class 5 पर्यावरण अध्ययन Chapter 22 solutions

(पृष्ठ संख्या 202)

सोचो

प्रश्न **1.**

जब धनु का परिवार और गाँव के लोग काम के लिए दूसरी जगह जाते हैं तब कुछ लोग गाँव में ही रह जाते हैं। ऐसा क्यों होता होगा**?**

उत्तर**:**

जब धनु का परिवार और गाँव के लोग काम के लिए दूसरी जगह जाते हैं तब कुछ लोग गाँव में ही रह जाते हैं। जो कि अपने घर की रखवाली, घर के बुजुर्गों तथा पशुओं की देखभाल करते हैं।

प्रश्न **2.**

जब धनु और उसके जैसे कई बच्चे छः महीने तक गाँव छोड़ेकर चले जाते हैं**,** तब गाँव के स्कूल में क्या होता होगा**?**

उत्तर**:**

उस समय गाँव के स्कूलों में केवल बड़े किसानों के बच्चे ही पढ़ने जाते होंगे।

प्रश्न **3.**

तुम्हारे घर के लोग जब काम के लिए घर से बाहर जाते हैं तो बुजुर्गों और बीमारों की देखभाल के लिए घर में क्या इंतजाम होता है**?**

उत्तर**:**

मेरे घर में मेरी माँ काम पर नहीं जाती हैं, वे घर में ही रहकर घर की तथा अन्य लोगों की देखभाल करती हैं।

(पृष्ठ संख्या 204)

सोचो और बताओ

प्रश्न **1.**

मामी क्यों चाहती हैं कि धनु साल भर स्कूल जाए, पढ़े और कुछ बने**?**

उत्तर**:**

मामी चाहती हैं कि धनु ठीक से पढ़ाई करे तथा बड़ा होकर उसे अच्छी नौकरी लग जाये जिससे कि वह स्वतंत्र रूप से अपना काम कर सके। मामी चाहती है कि अच्छे से पढ़ लिखकर धनु बड़ा तथा अमीर आदमी बने।

प्रश्न **2.**

जब तुम लंबे समय के लिए स्कूल नहीं जा पाते हो तो क्या होता है**?**

उत्तर:

जब मैं लम्बे समय तक स्कूल नहीं जा पाता हूँ, तो स्कूल में पढ़ाई आगे हो जाती है जिसे पूरा करने के लिए मुझे काफी मेहनत करनी पड़ती है तथा उसे समझने में काफी दिक्कत आती हैं।

चर्चा करो और लिखो

प्रश्न **1.**

धनु छः महीनों के लिए जहाँ गाँववालों के साथ जाता है**,** वहाँ पढ़ाई का इंतजाम किया जा सकता है**?** कैसे**?**

उत्तर**:**

हाँ, धनु का वहाँ के स्कूल में नाम लिखाया जा सकता है। इसके अलावे वह संध्याकालीन स्कूलों में भी काम के बाद पढ़ाई कर सकता है।

प्रश्न **2.**

ऐसे कुछ और भी काम हैं जिनके लिए लोगों को कई महीनों तक अपने घरों से दूर रहना पड़ता है**?** किताब से और उदाहरण ढूँढ़ो और लिखो।

उत्तर:

ऐसे कई काम हैं जिनके लिए लोगों को कई महीनों तक अपने घरों से दूर रहना पड़ता है। जैसे

- सेना में काम
- मर्चेंट नेवी में काम
- बोर्डिंग स्कूल में पढ़ाई
- विदेशों में काम

प्रश्न **3.**

अलग-अलग किसानों के जीवन में क्या समानताएँ हैं और क्या फर्क हैं**?**

उत्तर:

समानताएँ

- अधिकांश किसान मुख्य रूप से खेती पर निर्भर रहते हैं।
- उनके परिवार के लगभग सभी सदस्य खेती करते हैं।
- वे लोग सिंचाई के लिए बारिश पर निर्भर होते हैं।
- उनमें अधिकांश कम पढ़े-लिखे हैं।
- अधिकांश किसान परंपरागत तरीकों से खेती करते हैं। फर्क (अंतर)
- कुछ किसानों को अपनी जमीन होती हैं।
- कुछ किसानों के घर के कम ही सदस्य खेती करते हैं तथा बाकी दूसरे कार्य।
- कुछ किसान अनपढ़ होते हैं तथा कुछ पढ़े लिखे।
- कुछ किसान आधुनिक तरीकों से खेती करते हैं?

हम क्या समझे

प्रश्न **1.**

तुमने कई पाठों में अलग-अलग तरह के किसानों के बारे में पढ़ा। दी गई तालिका में उनके बारे में लिखो।

| किसान का नाम | खुद की खेती | क्या उगाते हैं | क्या परेशानियाँ आईं | और कुछ |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

उत्तर

| किसान का नाम | खुद की खेती | क्या उगाते हैं | क्या परेशानियाँ आईं | और कुछ |
|---|---|---|---|---|
| दामजीभाइ (पाठ 19) | ✓ | गेहूँ, ज्वार, बाजरा, धान इत्यादि | कम ऊपज, सिंचाई के लिए पानी की कमी, फसलों के कम मूल्य | वे घर के लिए आसानी से भोजन जुटा पाते थे। |
| हसमुख (पाठ 19) | ✓ | केवल वह चीजें जिनके बाजार में अच्छे मूल्य मिलते थे | मंहगे बीज, कृषि संयंत्रों के लिए लिये गये कर्ज पर ज्यादा ब्याज, मंहगे खाद | हसमुख के बेटे को कर्ज के कारण खेती छोड़कर ट्रक ड्राइवर बनना पड़ा। |

# Chapterwise NCERT Solutions for Class 5 Environmental Science – (पर्यावरण अध्ययन) :


- Chapter 1 कैसे पहचाना चिंटी ने दोस्त को ?
- Chapter 2 कहानी सपेरों की
- Chapter 3 चेखने से पचने तक
- Chapter 4 खाएं आम बारहों महीने
- Chapter 5 बीज ,बीज ,बीज
- Chapter 6 बूँद -बूँद ,दरिया -दरिया
- Chapter 7 पानी के प्रयोग
- Chapter 8 मच्छरों की दावत ?
- Chapter 9 डायरी : कमर सीधी ऊपर चढ़ो ?
- Chapter 10 इमारतें
- Chapter 11 सुनीता
- Chapter 12 खत्म हो जाए तो ?
- Chapter 13 बसेरा ऊँचाई पर
- Chapter 14 जब धरती काँपी
- Chapter 15 उसी से ठंडा उसी से गर्म
- Chapter 16 कौन करेगा यह काम ?
- Chapter 17 फांद ली दीवार
- Chapter 18 जाएँ तो जाएँ कहाँ
- Chapter 19 किसानों की कहानी-बीज की जुबानी
- Chapter 20 किसके जंगल ?
- Chapter 21 किसकी झलक किसकी छाप?
- Chapter 22-फिर चला काफिला

# About NCERT

The National Council of Educational Research and Training is an autonomous organization of the Government of India which was established in 1961 as a literary, scientific, and charitable Society under the Societies Registration Act. The major objectives of NCERT and its constituent units are to: undertake, promote and coordinate research in areas related to school education; prepare and publish model textbooks, supplementary material, newsletters, journals and develop educational kits, multimedia digital materials, etc.Organise pre-service and in-service training of teachers; develop and disseminate innovative educational techniques and practices;collaborate and network with state educational departments, universities, NGOs and other educational institutions; act as a clearing house for ideas and information in matters related to school education; and act as a nodal agency for achieving the goals of Universalisation of Elementary Education.In addition to research, development, training, extension, publication and dissemination activities, NCERT is an implementation agency for bilateral cultural exchange programmes with other countries in the field of school education.Its headquarters are located at Sri Aurobindo Marg in New Delhi. Visit the Official NCERT website to learn more.